दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 16 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-193

## मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश पर रोक को अवैध घोषित करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश पर रोक को अवैध और असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही अदालत से अपील की गई है कि इस बारे में वह बकायदा निर्देश जारी करे। याचिका में कहा गया है कि मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश पर रोक उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। बता दें कि ऐसी ही एक



याचिका पर अगस्त 2016 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने महिलाओं को मुंबई स्थित मशहूर हाजी अली दरगाह की मजार तक जाने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का आदेश दिया था। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध संविधान में दिए गए उनके मूलभूत अधिकारों का हनन है। हालांकि, हाईकोर्ट के इस फैसले को दरगाह ट्रस्ट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद पहली बार महिलाओं ने मशहूर हाजी अली दरगाह के अंदरूनी हिस्सों में प्रवेश किया था।

गौरतलब है कि महिलाओं के पक्ष में कई फैसलों के आने के बाद अब मुस्लिम महिलाओं के लिए भी मस्जिद में नमाज पढ़ने देने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। सबरीमाला मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद केरल में मुस्लिम महिलाओं को मस्जिद में प्रवेश के लिए हिंदू महासभा की ओर से एक याचिका दाखिल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट पिछले साल ही केरल स्थित सबरीमाला मंदिर में भी सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की इजाजत दे चुका है। हालांकि, दक्षिणपंथी संगठनों की ओर से राज्य में इस आदेश का विरोध जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंदिर में पूजा के दौरान घायल हुए थरूर, सिर में लगे आठ टांके

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद और तिरुवनंतपुरम से उम्मीदवार शशि थरूर मंदिर में पूजा के दौरान घायल हो गए हैं. सोमवार को थम्प नूर के गांधारी अम्मन कोविल में संतुलन बिगड़ने के बाद थरूर के सिर और पैर में चोट आई है. उन्हें तुरंत नजदीकी जनरल अस्पताल ले जाया गया. प्राथमिक जांच के बाद, उन्हें तिरुवनंतपुरम के सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां उनके सिर में आठ टांके लगाने पड़े। रिपोर्ट के अनुसार थरूर के सिर पर लोहे की एक रॉड गिर गई, जिसके चलते उन्हें गहरी चोट आई है. इसमें बताया गया है कि थरूर को 8 टांके लगे हैं. अस्पताल के अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे के बाहर है. रिपोर्ट के अनुसार जल्द ही थरूर की कुछ अन्य जांच की जाएगी.

### नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भीषण तूफान ने मचाया कहर कई मकान हुए क्षतिग्रस्त

**आइजॉल।** भारत के कई राज्यों में मौसम में बदलाव देखा गया है। पिछले एक दो दिन में मैदानी राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, सोमवार को उत्तर पूर्व भारत के राज्यों में भीषण तूफान ने कहर बरपाया है। मिजोरम में कोलासिब के वैरेंगटे गांव में तूफान से 20 मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मणिपुर में भी तूफान का असर देखने को मिला है। मणिपुर के काकचिंग और चूराचंदपुर में तूफान आने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। तूफान आने के बाद शहर के कई हिस्सों में मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### आजम खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के रामपुर से पार्टी उम्मीदवार आजम खान के खिलाफ बीजेपी प्रत्याशी जयाप्रदा के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के आरोप एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बता दें कि रामपुर की शाहबाद तहसील में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खान ने कथित रूप से लोगों से पूछा, क्या राजनीति इतनी गिर जाएगी कि 10 साल जिसने रामपुर वालों का खून पिया, जिसे उंगली पकड़कर हम रामपुर में लेकर आए, उसने हमारे ऊपर क्या-क्या इल्जाम नहीं लगाए। क्या आप उसे वोट देंगे? आजम ने आगे कहा कि आपने 10 साल जिनसे अपना प्रतिनिधित्व कराया, उसकी असलियत समझने में आपको 17 साल लगे, मैं 17 दिन में पहचान गया कि इनके नीचे का अंडरवियर खाकी रंग का है।

### पाक ने फिर किया संघर्ष विराम उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने राजौरी जिले के नौशेरा में बिना किसी उकसावे के आज सुबह 0815 बजे मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में इस तरफ किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में तीन नागरिक घायल हो गये थे।

### कैमरून में सैन्य अभियान में छह लोगों की मौत

**याऔंडे ।** कैमरून में दक्षिण पूर्वी क्षेत्र एकोना में अलगाववाद के खिलाफ सैन्य अभियान में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। सेना के सूत्रों ने बताया कि सेना ने रविवार को झाड़ियों में छिपे अलगाववादी आतंकवादियों को गोली मार दी। उनमें से ज्यादातर पर लोगों में आतंक फैलाने का आरोप था। स्थानीय लोगों का हालांकि कहा है कि उन्हें सरकारी सुरक्षा बलों ने गोली मारी।

## राफेल विमान होता तो और शानदार रिजल्ट मिलते बालाकोट ऑपरेशन में: IAF प्रमुख

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ ने कहा कि राफेल लड़ाकू विमान अगर समय पर भारतीय वायुसेना में शामिल हो जाते, तो पाकिस्तान के बालाकोट एयर स्ट्राइक का नतीजा भारत के पक्ष में कहीं ज्यादा हो सकता था। उन्होंने कहा कि बालाकोट अभियान के दौरान तकनीक हमारे पक्ष में थी। बता दें कि भारतीय वायु सेना ने बीते 26 फरवरी को सीमापार पाकिस्तान स्थित बालाकोट में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया था, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए थे। इस अभियान में मारे गए आतंकियों में जैश प्रमुख मसूद अजहर का बहनोई युसूफ अजहर भी शामिल था। 'भविष्य की एयरोस्पेस पॉवर और प्रौद्योगिकी के प्रभाव' पर



आयोजित की गए सेमीनार में बोलते हुए भारतीय वायु सेना प्रमुख ने कहा कि बालाकोट ऑपरेशन में हमारे पास तकनीक थी, जिससे हम बड़ी सटीकता के साथ हथियारों को लॉन्च कर सके। बालाकोट ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान से हुई झड़पों में भी हम बेहतर निकले, क्योंकि हमने अपने मिग-21 बायसन्स और मिराज-2000 विमानों को अपग्रेड किया था।

## मुंबई के नागपाड़ा में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा ढहा, कई लोग मलबे में फंसे

**मुंबइ। महाराष्ट्र के मुंबई में एक हादसा हुआ है। यहां नागपाड़ा के पीर खान स्ट्रीट में आज एक निर्माणाधीन इमारत के एक स्लैब का हिस्सा ढह गया। मलबे में 2 से 3 लोगों के फंसे होने की संभावना है।**

राहत और बचाव कार्य जारी है। घटनास्थल पर दमकल की केई गाड़ियां मौजूद हैं। एक बचाव वैन और एक एम्बुलेंस मौजूद है। ऐसा बताया जा रहा है कि मलबे के नीचे मजदूर दबे हो सकते हैं, क?योंकि इमारत निर्माणाधीन है।

गौरतलब है कि बीती रात मुंबई



के धारावी स्थित पीएमजीपी कॉलोनी में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग ढह गई। बिल्डिंग ढहने से 1 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि घटना में 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे बचाव दल ने राहत बचाव कार्य के जरिए घायलों को मलवे से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि पीएमजीपी कॉलोनी में बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था तभी बिल्डिंग का एक हिस्सा गिर गया. जिससे मलवे में दबने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराए 3 नक्सली, एक जवान शहीद

**रांची।** झारखंड में गिरीडीह के नक्सल प्रभावित इलाके में सुरक्षाबलों को आज बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ ने नक्सल इलाके में चलाए गए स्पेशल ऑपरेशन में 3 नक्सलियों को मार गिराया है।

नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ का जवान भी शहीद हो गया। नक्सलियों के पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और



एक एके 47 रायफल बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 6.15 बजे गिरीडीह के बल्भा घाट क्षेत्र में सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन के बाद सीआरपीएफ ने 3 नक्सलियों के शव बरामद किए। इन नक्सलियों के पास से 1 एके 47 रायफल, 3 मैगजीन और 4 पाइप बम भी बरामद किए गए हैं।

## संदिग्ध ने चर्च में की गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत

**मॉस्को ।** कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सालमन आर्म इलाके में एक चर्च में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया।

स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात एक 25 वर्षीय शख्स ने 'चर्च ऑफ क्राइस्ट' में एक कार्यक्रम के



दौरान घुसकर दो लोगों को गोली मार दी। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली है कि हमलावर पीड़ितों में से एक से पहले से परिचित था हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसने किसी धार्मिक कारण से हमला किया या किसी और वजह से। मृतक 78 वर्षीय वृद्ध था।




## राजधानी में धूपभरी सुबह, शाम को छाएगी बदली

**नईदिल्ली।** राष्टीय राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह धूपभरी रही और यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शाम को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और बिजली चमकने और बादल गरजने की संभावना है। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 46 फीसदी दर्ज हुआ। वहीं, रविवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 21.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमना सामान्य से दो


## अब निशाने से नहीं भटकेगी यह मिसाइल, दुश्मन पर निर्भय करेगी अचूक मार, परीक्षण सफल

**नई दिल्ली।** स्वदेशी तकनीक से बनाई गई सब-सोनिक क्रूज मिसाइल निर्भय का सफल परीक्षण किया गया है। इस मिसाइल से भारत को रक्षा क्षेत्र में और मजबूती मिली है। यह मिसाइल बिना भटके अपने निशाने पर अचूक मार करने में सक्षम है। ओडिशा के परीक्षण रेंज से डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को यह सफलता हुई है। डिफेंस रिसर्च एंड डेवल्पमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों ने सोमवार की सुबह ओडिशा के समुद्री तट पर स्थित परीक्षण रेंज से सब-सोनिक क्रूज मिसाइल निर्भय का परीक्षण किया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक 1000 किलोमीटर तक यह मिसाइल मार करने में पूरी तरह सक्षम है। इस मिसाइल



से भारत की सैन्य ताकत को मजबूती मिलेगी। पाकिस्तान, चीन समेत कई देश इस मिसाइल की पहुंच में है। यह मिसाइल कुछ सेकेंड में ही दुश्मन देशों के किसी भी इलाके को नेस्तानाबूद करने में सक्षम है। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा के समुद्री तट पर बने केंद्र से सुबह किए गए परीक्षण को कामयाबी हासिल हुई है। इस मिसाइल को भारतीय तकनीक से बनाया गया है। इसके साथ ही डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने मिसाइल की डिजाईन भी यहीं तैयार की है। परीक्षण की कामयाबी के साथ भारत की सैन्य क्षमता को और विस्तार मिला है। जानकारी के मुताबिक, यह मिसाइल 200 से 300 किलोग्राम तक की आयुध सामग्री आसानी से ले जा सकती है।

## नेताओं के विवादित बयानों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चुनाव आयोग को फटकार



**नईदिल्ली।** भड़काऊ भाषण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को फटकार लगाई है. साथ ही कोर्ट ने आयोग से कल सुबह 10:30 बजे तक जवाब मांगा है. कोर्ट ने कहा है कि क्या चुनाव आयोग अपनी ताकत जानता है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह चुनावी अभियान में हेट स्पीच और सांप्रदायिक बयानबाजी करने पर चुनाव आयोग के अधिकारों की जांच करेगा.

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के प्रतिनिधि को कल सुबह 10.30 पेश होने के लिए कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आचार संहिता को तोड़ने को लेकर चुनाव आयोग ने कोर्ट में कहा है कि ऐसे मामलों में वह केवल नोटिस और एडवाइजरी जारी कर रहा है. आयोग ना तो किसी को अयोग्य करार दे सकता है और ना ही किसी पार्टी को डि रजिस्ट्रार कर सकता है? इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि वो इस मामले में सुनवाई करेंगे. कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के वक्त चुनाव आयोग के किसी प्रतिनिधि को मौजूद रहने के लिए कहा है.